अध्याय 8

मनुष्य के लिए एक नया आरम्भ

बाइबल इस विषय में कुछ नहीं बताती की कैसे जहाज़ पर सवार यात्री खाते या सोते या कैसे अपने दिन बिताते थे। यह किसी भी तरह के दृश्यों, आवाज़ों, या गंध के बारे में कोई विवरण नहीं देती है जिसका अनुभव नूह के परिवार ने महीनों तक किया होगा क्योंकि परमेश्वर ने संसार को पापी निवासियों से शुद्ध किया था। जहाज़ में आठ यात्रियों और पशुओं के संरक्षण के कार्य को जो परमेश्वर कर रहा था उसके बावजूद हो सकता है कि उन लोगों को लगा हो की परमेश्वर उनके बारे में भूल गया था।

अध्याय 8 नूह के परिवार और जहाज़ में सभी प्राणियों के प्रति परमेश्वर के 'स्मरण' के बारे में बताता है। उसने जल - प्रलय के पानी को घटाना (8:1-5) और पृथ्वी को सुखाना शुरू किया (8:6-14)। परमेश्वर की आज्ञा पर, नूह का परिवार और सभी पशु जहाज़ छोड़ने लगे (8:15-19)। इस अध्याय का अंत नूह के बलिदान और जब तक पृथ्वी रहेगी तब तक फिर से कभी किसी प्राणी को नष्ट न करने के परमेश्वर के वायदे के साथ होता है (8:20-22)।

जल प्रलय के पानी काकम होना (8:1-5)

[1]और परमेश्वर ने नूह की, और जितने बनैले पशु, और घरेलू पशु उसके संग जहाज़ में थे, उन सभों की सुधि ली: और परमेश्वर ने पृथ्वी पर पवन बहाई, और जल घटने लगा। [2]और गहिरे समुद्र के सोते और आकाश के झरोखे बंद हो गए; और उससे जो वर्षा होती थी सो भी थम गई। [3]और एक सौ पचास दिन के पश्चात जल पृथ्वी पर से लगातार घटने लगा। [4]सातवें महीने के सत्तरहवें दिन को, जहाज़ अरारात नाम पहाड़ पर टिक गया। [5]और जल दसवें महीने तक घटता चला गया, और दसवें महीने के पहिले दिन को, पहाड़ों की चोटियाँ दिखलाई दीं।

आयत 1. यह बताने के बाद कि पानी 150 दिन तक बढ़ता रहा और प्रबल होता रहा (7:24), लेखक फिर यह भी बताता है कि **परमेश्वर ने नूह को, और सभी पशुओं और सभी मवेशी जो कि उसके संग जहाज़ में थे सभी को याद किया**। इस अभिव्यक्ति "परमेश्वर ने याद किया" का अर्थ ये नहीं था कि परमेश्वर जहाज़ में रहने वालों को या अपने समर्पण को भूल गया था। परमेश्वर द्वारा

किसी बात को याद करने के विपरीत, यह शब्द "याद" זָכַר *(ज़कर)* एक ईश्वरीय चिंता के पर ज़ोर देता है जिसके द्वारा परमेश्वर ने "नूह और सभी पशुओं और सभी मवेशी" के निमित्त कार्य किया जो जहाज़ में कई महीने के वास को सह रहे थे।[1] अक्सर यह इस बात को दर्शाता है कि परमेश्वर अपनी वाचा के प्रति विश्वासयोग्य है (9:14-16; 19:29; 30:22; निर्गमन 2:24; 6:5; 32:13; लैव्य. 26:42, 45; गिनती 10:9)।

परमेश्वर ने जहाज़ में उन लोगों की खातिर **पृथ्वी पर हवा भेजने** के द्वारा अपनी गतिविधि शुरू कर दी जिसका परिणाम यह हुआ कि **पानी सूखने लगा**। "हवा" के लिए शब्द רוּחַ *(रुआख)* का प्रयोग किया गया है जिसे 1:2 में परमेश्वर के "आत्मा" के लिए प्रयोग किया गया है जो सृष्टि के समय "जल की सतह पर मंडराता था।" वास्तव में, उत्पत्ति 1 के कई शब्द उत्पत्ति 8 में दोहराए गये है। केनेथ ए. मैथ्यूस ने बताया है की यह दोहराव "परमेश्वर द्वारा एक नई सृष्टि के निर्माण" को प्रस्तुत करता है।[2] हालांकि, इस संदर्भ में, *(रुआख)* स्पष्ट रूप से वास्तविक हवा को दर्शाता है जिसे परमेश्वर ने जल प्रलय के पानी को सुखाने के लिए भेजा था। इसी प्रकार से, परमेश्वर ने हवा को लाल सागर के जल को हटाने और भूमि को सुखाने के लिए भेजा था ताकि इस्राएली सूखी भूमि को पार कर सकें (निर्गमन 14:21, 22)।

आयत 2. हवा भेजने के अलावा, **परमेश्वर ने गहरे स्थान के सोतों को बंद कर दिया, ताकि भूमिगत जल और अधिक आगे न बढ़े**। उसने वर्षा को नियंत्रित करने के लिए **आकाश के झरोखे** बंद कर दिये। वचन 2 में जिन क्रिया रूपों को "बंद कर दिया गया" और "रोका गया था" के रूप में अनुवाद किया गया है वे दोनों निष्क्रिय हैं, तथा यह दर्शाते है कि वर्षा का थमना स्वाभाविक रूप से या दुर्घटना से नहीं हुआ था। यह शब्द अतिरिक्त पानी के विभिन्न स्रोतों के बंद किए जाने में दिव्य गतिविधियों को दर्शाते हैं। वचन 7:11, 12 परमेश्वर के कार्य के विपरीत कार्य की ओर संकेत करता है।

आयत 3. यह कथन जहां **पानी पृथ्वी पर बढ़ा और घटा** 7:17-24, में दर्ज घटना के विपरीत है, जहाँ पर पानी को पृथ्वी पर "बढ़ते हुए" और "प्रबल होते" बताया गया है। ठीक इसी प्रकार का वर्णन वहां पर भी मिलता है जहाँ पर लाल सागर इस्राएलियों के सुरक्षित रूप से पार हो जाने के बाद वापस अपने सामान्य स्थान पर लौट आया (निर्गमन 14:26-28), और एक ऐसी ही घटना उस समय हुई जब इस्राएलियों ने यरदन नदी को पार किया (यहोशू 4:18)।

पानी के घटने को एक सौ पचासवें दिन के अंत में रखा गया है। यहाँ पर दी गयी भाषा 7:24 के समान है, जिसके अनुसार "पानी पृथ्वी एक सौ पचास दिन तक प्रबल रहा।" जिन्होंने घटनाओं के कालक्रम को फिर से संगठित करने का प्रयास किया वे 7:24 और 8:3 के आपस में सम्बन्धित होने से असहमत हैं। कुछ समझते हैं कि 7:24 के 150 प्रबल होते हुए जल के बारे में हैं और 8:3 के 150 दिन पानी के लगातार घटने के बारे में है - जो कुल 300 दिनों का समय था।[3] यदि यह सही है, तो 8:3 एक सारांश हो सकता है जो उस समय की वास्तविक

घटनाओं से पहले दिखाई देता है (देखें 8:4-12)। दूसरों के विचार में 150 दिनों की यह अवधि 7:4 और 8:3 में विचाराधीन है।[4] इस अवधि के अंत में, जल प्रलय का पानी कम होना आरम्भ हो गया, ताकि भूमि पर जहाज़ के ठहरने के लिए जगह बन जाए।

आयत 4. सातवें महीने के सत्रहवें दिन पर, जल प्रलय के आरम्भ होने के ठीक पांच महीने बाद (7:11), **जहाज़ अरारात के पहाड़ों पर जा टिका।** टिकने के लिए प्रयोग किया गया इब्रानी शब्द נוּחַ *(नुआख)* नूह נֹחַ *(नोआच)* के नाम की तरह लगता है (5:28, 29; 8:8, 9 पर टिप्पणी देखें)। "पहाड़" शब्द एक चोटी के बारे में नहीं है, लेकिन एक पहाड़ी क्षेत्र है जिसका नाम "अरारात" एक इब्रानी शब्द से लिया गया है जो एक अश्शुरी नाम "उरारतु" के समान है, जो मेसोपोटामिया घाटी (आधुनिक इराक) के उत्तरी राज्य से आया है जो कि वर्तमान में पूर्वी तुर्की और पश्चिमी आर्मेनिया में है। पहली सहस्राब्दी ई.पू. में असीरियाई राजाओं ने उरारतु (अरारात) के विरुद्ध युद्ध छेड़ा था, और इस क्षेत्र का पुराने नियम में कई बार उल्लेख किया गया है (2 राजा 19:37; यशा. 37:38; यिर्म. 51:27)।

कई खोजी दस्तों ने उस जगह की पहचान करने का प्रयास किया है जहाँ जहाज़ टिका था। ग्यारहवीं और बारहवीं शताब्दी ईस्वी के मध्य में, एक परंपरा विकसित हुई थी, जिसके अनुसार लगभग 17,000 फुट की एक चोटी की पहचान "अरारात पर्वत" के रूप में की गयी है और यह वह जगह है जहाँ पर नूह का जहाज़ टिका था। समय बीतने के साथ, इस प्रकार के दावे अधिक से अधिक असमंजस उत्पन्न करते गए, क्योंकि जहाज़ की खोज करने वाले अन्य लोगों ने प्रतिकूल दावे किए है। विभिन्न समूहों ने "अरारात पर्वत" पर अन्य जगहों के साथ ही अन्य पर्वत चोटियों को भी खोजा था, जहाँ पर उनके अनुसार जल प्रलय से बचे जहाज़ के अवशेष पाए गये हैं। उत्साही व्यक्ति अपने साथ लकड़ी के टुकड़े भी वापस लाये है जो उनके अनुसार जहाज़ का हिस्सा थे। कार्बन 14 डेटिंग करने के बाद, इन सब खोजकर्ताओं को निराशा हाथ लगी जब यह साबित कर दिया गया, कि यह टुकड़े पांचवीं शताब्दी ईस्वी (या बाद में) के काल के हैं - जो की नूह के समय से कई हज़ार वर्ष बाद के है। वर्तमान में, कोई भी वैज्ञानिक पुरातात्विक खुदाई इस समय प्रस्तावित स्थानों में से किसी पर भी नहीं कि जा रही हैं, और किसी भी अवशेषों की कोई भी वैज्ञानिक डेटिंग या किसी प्रकार के दावों की पुष्टि नहीं की गयी है। धर्मवैज्ञानिक छात्रों को निराधार कहानियों पर भरोसा कर के बारे में सावधान रहना चाहिए;[5] एक व्यक्ति, उन खोजकर्ताओं के द्वारा दिए गये अनिश्चित वर्णन के बिना जो जहाज़ को ढूंढ लेने का दावा करते हैं, बाइबल में दिए गये वर्णन पर विश्वास कर सकता है।

आयत 5. और जल दसवें महीने तक घटता चला गया, और दसवें महीने के पहिले दिन को, पहाड़ों की चोटियाँ दिखलाई दीं। क्या यहाँ पर वचन 4, जहाँ पर लिखा है कि "जहाज़" "अरारात के पहाड़ों" पर आकर टिक गया और वचन 5, जहाँ पर लिखा है कि "पहाड़ों की चोटियों" दो महीने से पहले "दिखाई" नहीं

दी थी, इन दोनों के बीच एक विरोधाभास है? कोई वास्तविक समस्या मौजूद नहीं थी। वचन 4 यह नहीं कहता है कि जब जहाज़ पहाड़ पर टिका था उस समय कोई सूखी भूमि दिखाई दे रही थी। यह आवश्यक नहीं है क्योंकि जहाज़ पानी में आधा डूबा हुआ होगा जब वह भूमि से टकराया होगा। जहाज़ के अंदर मौजूद लोगों ने शोर सुना और उसके रुकने पर झटका महसूस किया होगा, और कुछ ही समय के भीतर, पानी ने घटना आरम्भ किया होगा, तब उन्हें एहसास हुआ होगा कि वे एक पहाड़ पर टिक गये हैं। हालांकि वे ठोस ज़मीन पर थे, पर इस क्षेत्र में अन्य चोटियों का ऊपरी भाग नज़र आने में दो महीने से अधिक समय लग गया था। इन पर्वतों को "अरारातके पर्वतों" के रूप में पहचाना जाता हैं।

सूखी भूमि का दिखाई देना (8:6-14)

6फिर ऐसा हुआ कि चालीस दिन के पश्चात नूह ने अपने बनाए हुए जहाज़ की खिड़की को खोल कर, एक कौआ उड़ा दिया: 7वह जब तक जल पृथ्वी पर से सूख न गया, तब तक कौआ इधर उधर फिरता रहा। 8फिर उसने अपने पास से एक कबूतरी को उड़ा दिया, कि देखें कि जल भूमि से घट गया कि नहीं। 9उस कबूतरी को अपने पैर के तले टेकने के लिये कोई आधार ने मिला, सो वह उसके पास जहाज़ में लौट आई: क्योंकि सारी पृथ्वी के ऊपर जल ही जल छाया था तब उसने हाथ बढ़ा कर उसे अपने पास जहाज़ में ले लिया। 10तब और सात दिन तक ठहर कर, उसने उसी कबूतरी को जहाज़ में से फिर उड़ा दिया। 11और कबूतरी सांझ के समय उसके पास आ गई, तो क्या देखा कि उसकी चोंच में जलपाई का एक नया पत्ता है; इस से नूह ने जान लिया, कि जल पृथ्वी पर घट गया है।12फिर उसने सात दिन और ठहरकर उसी कबूतरी को उड़ा दिया; और वह उसके पास फिर कभी लौट कर न आई। 13फिर ऐसा हुआ कि छः सौ एक वर्ष के पहिले महीने के पहिले दिन जल पृथ्वी पर से सूख गया। तब नूह ने जहाज़ की छत खोल कर क्या देखा कि धरती सूख गई है। 14और दूसरे महीने के सताईसवें दिन को पृथ्वी पूरी रीति से सूख गई।

आयत 6. स्पष्ट रूप से, **चालीस दिन** बीतने पर "पहाड़ों की चोटी" दिखाई दी (8:5), और **आखिरकार नूह ने जहाज़ की खिड़की** חַלּוֹן *[चालोन6]* खोली। इस विवरण को सीधा पढ़ने से पता चलता है कि नूह जहाज़ से बाहर आने के प्रति संशय में था जब तक वह सही समय के बारे में निश्चित नहीं हुआ। वह जहाज़ से बाहर निकलने वाले सभी यात्रियों - न केवल मनुष्य, बल्कि उसके भीतर के अन्य प्राणियों की सुरक्षा को लेकर निश्चिन्त होना चाहता था। वह "खिड़की" जिसे "नूह ने खोला" जहाज़ की छत में एक झरोखे की तरह हो सकती है, क्योंकि इससे वह जल को घटता हुआ या नीचे भूमि को नहीं देख पाया। इससे यह समझ में आता है कि क्यों उसने सूखी भूमि की खोज करने के लिए पक्षियों को बाहर भेजा।

आयत 7. जहाँ तक परमेश्वर के वास्तविक प्रकाशन की बात है, मनुष्य की दुष्टता के विषय में, एक जहाज़ के निर्माण की आवश्यकता के विषय में, कौन से पशुओं को साथ में लेने के विषय में, और आने वाले तूफान के विषय में, इन सब विषयों को परमेश्वर ने नूह पर प्रकट नहीं किया था। पाठ के अनुसार, परमेश्वर 8:15 तक उससे दोबारा बात नहीं करता; इसलिए पक्षियों को बाहर भेजना ही नूह के पास एकमात्र तरीका था जिस से यह जाना जाए की पृथ्वी रहने के लिए पर्याप्त रीति से सूख गयी थी या नहीं।

पहला पक्षी जिसे नूह ने **बाहर भेजा था वह एक कौआ था**, जो की एक कबूतरी तुलना में एक मजबूत पक्षी था।[7] चूंकि कौआ एक अशुद्ध पक्षी था (लैव्य. 11:13, 15; व्यव. 14:12, 14) यह मृत पशुओं के शवों को जो पानी पर तैर रहे थे खा सकता था। इसलिए, इसको जीवित रहने के लिए सूखी भूमि खोजना आवश्यक नहीं था; न ही पक्षी को बसेरे के लिए जहाज़ के झरोखे के माध्यम से वापस आने की जरूरत थी। एक तरफ संभवतः उभरी हुई चट्टानों पर जिस पर जहाज़ टिका था या उसकी छत पर ठहरने के बजाए, **यह यहाँ वहाँ उड़ान भरता रहा जब तक पानी पृथ्वी पर से सूख गया था।**

आयतें 8, 9. इसके बाद, नूह ने बाहर **एक कबूतरी को भेजा** यह जानने के लिए की क्या भूमि पर सूखी ज़मीन है। कबूतरी को एक शुद्ध पक्षी के रूप में माना गया है (15:9; लैव्य. 12:6), और यह भोजन के लिए पौधों को खाता है। चूंकि इस प्रकार के पक्षी घाटियों में पाये जाते हैं, एक कबूतरी को "यह जानने के लिए भेजा गया की क्या निचले क्षेत्र रहने योग्य थे।"[8] कबूतरी कबूतर की प्रजाति का एक सदस्य है। कुछ प्रस्ताव करते है कि नूह जहाज़ में कबूतरों को पालता था,[9] कबूतरी वास्तव में पालतू थी या नहीं लेकिन वह वापस आई।

वहाँ अभी भी बहुत ज़्यादा **पानी था ... सारी पृथ्वी की सतह पर उसके लिए पैर टेकने के लिए कोई आधार न मिला**। यहाँ पर अनुवाद किया गया इब्रानी शब्द "आधार" מְנוֹחַ *(मनोआख)* भी नूह נֹחַ *(नुआख)* के नाम के समान है (5:28, 29; 8:4 पर टिप्पणी देखें)। नूह का कबूतरी को ग्रहण करने का विवरण चित्रात्मक है: **तब उसने हाथ बढ़ा कर उसे अपने पास जहाज़ में ले लिया।**

आयत 10. नूह ने **सात और दिन ... इंतजार किया फिर से कबूतरी को बाहर भेजने के लिए**। यहाँ पर आशय यह है कि उसने कौआ बाहर भेजने के बाद सात दिनों का इंतजार किया था, पहली बार कबूतरी को बाहर भेजने से पहले (8:8)। फिर, और सात दिनों के बाद, उसने दूसरी बार कबूतरी को बाहर भेजा।

आयत 11. और कबूतरी सांझ के समय उसके पास आ गई, तो क्या देखा कि उसकी चोंच में जलपाई का एक नया पत्ता है। यह नई पत्ती नव अंकुरित थी, और इससे साबित हुआ कि पृथ्वी सूखी हो गयी थी और एक बार फिर से आरम्भ की तरह फलदायी होने लगी थी (1:11, 12, 30)। **नूह** [अब] **जानता था कि जल पृथ्वी से कम हो गया है**, क्योंकि जलपाई ऊँचे इलाकों में नहीं उगते है।

आयत 12. इसलिए, **उसने कबूतरी को तीसरी बार बाहर भेजने के लिए सात और दिनों का इंतजार किया**, और इस अवसर पर **वह उसके पास दोबारा**

वापस नहीं आई। इस उड़ान के दौरान, पक्षी को प्रामाणिक तौर पर अपने अस्तित्व के लिए अनुकूल वातावरण मिल गया; इसलिए जहाज़ पर उसकी वापसी अनावश्यक थी।

आयत 13. जल प्रलय के वर्णन में समय के पहलू पर विशेष ध्यान दिया गया था। हमें बताया जाता है कि **यह छह सौ और एक वर्ष में, पहले महीने के पहले दिन को हुआ था जब पानी पृथ्वी पर से सूख गया थ**। नूह जानता था कि वह समय आ पहुंचा है जब उसे और उसके परिवार को अन्य प्राणियों के साथ जहाज़ छोड़ना होगा, इसलिए उसने जहाज़ के आवरण को हटा दिया और **देखा कि ज़मीन की सतह सूख गयी थी**।

आयत 14. अंत में, **दूसरे महीने के सत्ताइसवें दिन, नूह ने देखा कि पृथ्वी सूखी थी**। चूंकि 8:14 में वर्णित घटनाएं 8:13 के लगभग दो महीने के बाद घटी थी, बाद का कथन अंग्रेजी पाठकों को भ्रमित कर सकता है। लेखक वास्तव में भूमि के सूखेपन का वर्णन करने के लिए दो अलग-अलग इब्रानी शब्द का इस्तेमाल करता है। वचन 13 में, क्रिया חָרַב *(खरेब)* जिसका अर्थ है "जल पृथ्वी पर से सूखना शुरू हुआ,"[10] लेकिन अभी भी वहां पर कीचड़ था। वचन 14 में, יָבֵשׁ *(याबेश)* इस तथ्य को उजागर करता है कि, लगभग दो अतिरिक्त महीने तक सूखने के बाद, भूमि पूरी प्रकार से सूख चुकी थी[11] और अब मज़बूती से मानव जाति और भारी पशुओं को भी सम्भाल लेगी।

जहाज़ को छोड़ने की परमेश्वर की आज्ञा (8:15-19)

[15]तब परमेश्वर ने, नूह से कहा, [16]तू अपने पुत्रों, पत्नी, और बहुओं समेत जहाज़ में से निकल आ। [17]क्या पक्षी, क्या पशु, क्या सब भांति के रेंगने वाले जन्तु जो पृथ्वी पर रेंगते हैं, जितने शरीरधारी जीवजन्तु तेरे संग हैं, उस सब को अपने साथ निकाल ले आ, कि पृथ्वी पर उन से बहुत बच्चे उत्पन्न हों; और वे फूलें-फलें, और पृथ्वी पर फैल जाएं। [18]तब नूह, और उसके पुत्र, और पत्नी, और बहुएं, निकल आईं: [19]और सब चौपाए, रेंगने वाले जन्तु, और पक्षी, और जितने जीवजन्तु पृथ्वी पर चलते फिरते हैं, सो सब जाति जाति करके जहाज़ में से निकल गए।

आयतें 15-17. नूह को पहले से ही पता था कि भूमि बाहर सूख गयी थी और मनुष्यों और पशुओं दोनों को ग्रहण करने के लिए तैयार थी, लेकिन वह परमेश्वर से निर्देश लिए बिना उस दिशा में आगे नहीं बढ़ना चाहता था। (7:1-4) जैसा की पहले उल्लेख किया गया, कि पाठ में कोई संकेत नहीं है कि जहाज़ में प्रवेश करते समय जैसे परमेश्वर ने नूह से बात की थी वैसे ही दोबारा भी की। विश्वासयोग्य कुलपिता जहाज़ से उतरने से पहले ईश्वरीय मार्गदर्शन पाने के लिए धैर्य से इंतजार करता रहा।

जब सही समय आया, **परमेश्वर ने फिर नूह से बात की** और उससे कहा कि **जहाज़ से बाहर अपने परिवार को ले, पक्षियों और पशुओं और हर रेंगने वाले जीवजन्तु** समेत। वे एक नए संसार में बाहर जाने को थे जिसे परमेश्वर के न्याय रुपी जलप्रलय ने उसके निवासियों की दुष्टता से साफ कर डाला था। परमेश्वर ने उन्हें उस जहाज़ में एक शानदार छुटकारे के साथ एक नई शुरुआत दी थी। एक मायने में, नूह एक नया आदम था। वह और उसका परिवार एक नई सृष्टि में एक नई शुरुआत कर रहे थे। यह बात पशुओं के लिए भी सच थी। वे एक बार **फिर से पृथ्वी पर फल-फूल और बढ़ सकते थे।**

आयतें 18, 19. ये वचन 6:13-22 और 7:1-5 में वर्णित घटनाओं के लिए आत्मिक सहारा है। सबसे पहले एक दिव्य भाषण आया (8:15-17) और फिर एक अवलोकन है कि नूह ने प्रभु के आदेश को माना (8:18, 19)। दिव्य आदेशों के प्रति विश्वासयोग्य प्रतिक्रिया में, **नूह ... और उसके पुत्रों और उसकी पत्नी और उसके पुत्रों की पत्नियों ने जहाज़ को छोड़ दिया, ठीक वैसा ही हर जानवर, पृथ्वी पर रेंगने वाले हर जीव, और हर पक्षी ने किया।**

जितने भी जीव जहाज़ पर थे सब के सब अपनी जाति के अनुसार बाहर चले गये। यहाँ पर प्रयोग किया गया इब्रानी शब्द, מִשְׁפָּחָה *(मिश्पाखाह),* अक्सर एक बड़े समूह की एक उपखंड को सम्बोधित करने के लिए किया जाता है, जैसे एक कबीले या जनजाति के रूप में प्रयोग किया जाता है। मानवीय दायरे में, *(मिश्पाखाह)* कई परिवारों या गुटों के संबंध में प्रयोग किया जाता है जो कि अंततः एक जनजाति के रूप में विकसित हो जाते हैं,[12] इसी तरीके से याकूब के पुत्र परिवारों, कुलों, और अंततः में बारह गोत्रों में (इस्राएल राष्ट्र) में बढ़ गये। हालांकि, नूह का परिवार इस समय बहुत छोटा था, जिसमें केवल उसकी पत्नी, उसके तीन बेटे हैं, और उनके बेटों की पत्नियां शामिल थी। "परिवार" के बारे में इस कथन पर प्राथमिक ज़ोर इसलिए दिया गया है क्योंकि सभी पशुओं के सदस्य जहाज़ से बाहर चले गये थे। दूसरे संस्करण जैसे (NIV; REB) "परिवार" शब्द के बजाए "एक के बाद एक प्रकार के" या (NJB) "एक प्रजाति एक के बाद" शब्द का उपयोग करते हैं।

पृथ्वी पर दोबारा जल प्रलय न भेजने का परमेश्वर का वायदा (8:20-22)

[20]तब नूह ने यहोवा के लिये एक वेदी बनाई; और सब शुद्ध पशुओं, और सब शुद्ध पक्षियों में से, कुछ कुछ ले कर वेदी पर होमबलि चढ़ाया। [21]इस पर यहोवा ने सुखदायक सुगन्ध पाकर सोचा, कि मनुष्य के कारण मैं फिर कभी भूमि को शाप न दूंगा, यद्यपि मनुष्य के मन में बचपन से जो कुछ उत्पन्न होता है सो बुरा ही होता है; तौभी जैसा मैं ने सब जीवों को अब मारा है, वैसा उन को फिर कभी न मारूंगा। [22]अब से जब तक पृथ्वी बनी रहेगी, तब तक बोने और काटने के

समय, ठंड और तपन, धूपकाल और शीतकाल, दिन और रात, निरन्तर होते चले जाएंगे।

आयत 20. जल प्रलय से दिव्य उद्धार के दृश्य में, मनुष्य की स्वाभाविक और उचित प्रतिक्रिया आराधना थी। **नूह ने यहोवा के लिये एक वेदी का निर्माण करके और हर शुद्ध जानवर और पक्षी को बलिदान करने के द्वारा बड़े आभार का प्रदर्शन किया।** यहाँ एक वेदी का निर्माण करने के सन्दर्भ में पवित्र शास्त्र में पहला वर्णन है, भले ही कैन और हाबिल की कहानी में इसके निर्माण को पहले से ही मान लिया जाता है (4:3-5)। **होमबलि** के लिए प्रयोग किया गया इब्रानी शब्द עֹלֹת *(ओलोथ)* है, जिसका अर्थ "होमबलि" या "पूर्ण होमबलि" माना जा सकता है। पुराने नियम में यह बलिदान का सबसे पुराना प्रकार हो सकता है। मूसा की व्यवस्था के तहत, इन्हें पूरे आनन्द के साथ एक स्वेच्छाबलि दान के रूप में दिया जाता था (लैव्य. 22:17-25; गिनती 15:1-13) और इन्हें पापों के प्रायश्चित के लिए एक उपहार קָרְבָּן *(कोरबान)* के रूप में प्रयोग किया जाता था (लैव्य. 1:2-4; 16:24)। कभी-कभी संकट के समय में इन्हें परमेश्वर द्वारा हस्तक्षेप करने के लिए प्रार्थना के साथ किया जाता था (न्यायियों 21:1-4; यिर्म. 14:12)।[13] प्राचीन काल में अन्य प्रकार के बलिदान के साथ क्या किया जाता था, आराधक को इसके विपरीत इसका हिस्सा खाने के लिए नहीं दिया जाता था। इसके बजाय, पूरे पशु वेदी पर भस्म होता था, जो एक व्यक्ति द्वारा परमेश्वर के प्रति कुल भक्ति और अलग ठहराए जाने को दर्शाता था।

आयत 21. जब नूह ने अपना बलिदान चढ़ाया, **तब यहोवा ने** [उसे] **सुगन्धदायक भेंट पाकर ग्रहण किया।** "यहोवा ने सूँघा" एक मानवरूपी अभिव्यक्ति है, जिसके द्वारा परमेश्वर के बारे में ऐसे बोला जाता है जैसे कि वह मानवीय विशेषताएं रखता हो। बाइबल अक्सर परमेश्वर के बारे में एक मानवीय रूप प्रस्तुत करती है जैसे कि आंखों वाले, कान, हाथ या पैर, भले ही वह एक भौतिक शरीर नहीं है (यूहन्ना 4:24)। यह कथन जहाँ पर परमेश्वर को बलिदानों की "सुगंध" "सुखदायक" लगी जब वे पूरी प्रकार से वेदी पर भस्म किए जा रहे थे इंगित करता है कि उसने आराधक और बलिदान दोनों को ग्रहण कर लिया था।[14] नूह का बलिदान परमेश्वर को भाया, क्योंकि वे एक ऐसे जीवन को दर्शाता था जो पूरी तरह से परमेश्वर के लिए समर्पित था। नए नियम में, पौलुस इसी प्रकार के दृश्य का प्रयोग करता है जब वे परमेश्वर को पसंद आने वाला और ग्रहणयोग्य बलिदान के बारे में बात करता है (इफि. 5:2; फिलि. 4:18)।

यह दृश्य बेबीलोन के देवताओं की प्रतिक्रिया के विरोध में दिखाई देता है जो *की गिल्गामेश नामक महाकाव्य* में दिखाया गया है। मिथक के अनुसार जब जल प्रलय पृथ्वी पर था देवता सात दिनों तक भोजन के बिना रहे, और वे अत्यधिक भूखे थे। जब उत्नापिश्तिम (बेबीलोन का नूह) जहाज़ से बाहर आया और बलिदान चढ़ाने लगा, तो "देवताओं ने सुखदायक सुगन्ध पाकर" बलि देनेवाले के चारों ओर मक्खियों की तरह मंडराना शुरू कर दिया।[15] देवताओं द्वारा इस

प्रकार का अजीब व्यवहार इस बात को दर्शाता है की प्राचीन काल के लोग देवताओं को अपने भोजन के लिए जल प्रलय के उत्तरजीवी पर निर्भर रहते हुए देखते थे।

नूह के बलिदान को ग्रहण करने में, **परमेश्वर स्वयं से** (शाब्दिक रूप में, "अपने हृदय से") **कहता है** कि वह **फिर से मनुष्य के कारण भूमि को शाप नहीं देगा**। कुछ इसकी व्याख्या इस तरह से करते है कि परमेश्वर ने जो श्राप 3:17 में आदम के पाप के बाद सुनाया था उसे रद्द कर रहा था, वह घटना जल प्रलय के समापन के समय दृश्य में नहीं थी। 8:21 का कथन 6:5-7, 11-13, से जुड़ा है, न कि अदन का श्राप। परमेश्वर का वायदा उस अभिशाप (विनाश) के सन्दर्भ में था जो जल प्रलय के रूप में पृथ्वी पर आया। यह निर्विवादित है, क्योंकि जल प्रलय के बाद, ज़मीन पर दिया गया श्राप बना रहा जिसमें परिश्रम और संघर्ष शामिल था जो मनुष्य को अपने अस्तित्व को बनाए रखने के लिए ज़मीन पर फसल उत्पन्न करने के लिए करना था। कठिन काम अभी भी आदमी के लिए आवश्यक होता है, जबकि परमेश्वर ने फिर कभी जल प्रलय से संसार को नष्ट न करने का वादा दिया है।

परमेश्वर द्वारा "फिर कभी नहीं" "भूमि को शापित" या **हर प्राणी को नाश न करने** के वायदे को इस प्रकार से देखा जा सकता है: "**यद्यपि मनुष्य के मन में बचपन से जो कुछ उत्पन्न होता है सो बुरा ही होता है**" यह है कि मनुष्य जवाबदेह होने की आयु से पापी होता है, जब वह अच्छाई और बुराई के बीच अंतर कर सकता है। "के लिए" दो तरीकों से अनुवाद किया जा सकता है: इब्रानी संयोजन के रूप כִּי *(की)* जिसका साधारण अर्थ "के लिए" या "क्योंकि" के रूप में प्रयोग किया जाता है जिसका मतलब है कि परमेश्वर पानी से संसार को नष्ट नहीं करेगा क्योंकि मनुष्य के दिल में बुराई है। 6:5 के अनुसार, यही पहला कारण है जिसके लिए परमेश्वर ने पृथ्वी के विनाश के लिए जल प्रलय भेज दिया। इस व्याख्या में, एक चौंका देने वाला विरोधाभास शामिल है: परमेश्वर ने पुराने संसार को नष्ट करने के लिए जल प्रलय को इस कारण से भेजा था क्योंकि मनुष्य के हृदय से निरंतर पाप निकल रहा था; लेकिन जल प्रलय के बाद उसने वादा किया कि वह इस प्रकार का शाप मनुष्य के पाप के कारण पृथ्वी पर कभी नहीं लाएगा।

अन्य व्याख्या के साथ कोई विरोधाभास नहीं होता है। इब्रानी भाषा में *"की"* एक साधारण संयोजन के रूप में अक्सर "हालांकि" या "भले ही" के अर्थ में इस्तेमाल किया जाता है (देखे NKJV; NIV)। इस व्याख्या के प्रकाश में, यह कथन परमेश्वर की दिव्य करुणा पर इस प्रकार ज़ोर देती है: यद्यपि प्रत्येक व्यक्ति अपने बचपन के समय से पाप करता है, फिर भी परमेश्वर अपना अपार अनुग्रह देता है। दूसरे शब्दों में, भले ही धरती पर हर कोई नापाक इरादों और दुष्ट कर्मों का दोषी है और इसलिए न्याय और मृत्यु के योग्य है, परमेश्वर भविष्य में संसार भर में जल प्रलय से मानव जाति की रक्षा करने के अपने वादे को पूरा करेगा।

आयत 22. परमेश्वर का अपने संसार को आशीष देने का दृढ़ संकल्प जारी था। पृथ्वी पर एक और विनाशकारी जल प्रलय भेजने के बजाय, वह इस ग्रह को बसने योग्य बनाने के लिए नियमितता भेजने का वादा करता है। **उसने कहा, बोने का समय और फसल का समय, ... ठंड और तपन, ... ग्रीष्म काल और शीत काल, और दिन और रात।** इसके बावजूद कि मानव हृदय कैसा अप्रत्याशित और अस्थिर हो सकता है (8:21), विश्वसनीयता और स्थिरता का एक माप हमेशा परमेश्वर द्वारा नए सिरे से स्थापित संसार के चक्र में मौजूद होगा। प्रेरणा से भरा लेखक "बोने और फसल काटने के समय" और इसी तरह की कृषि सम्बन्धी बातों को स्थापित करने के परमेश्वर के निर्णय पर बल देता(देखें 1:14)। ये बातें जीवन को बनाए रखने के लिए आवश्यक थी, और वे सबूत हैं कि संसार पूरी तरह से अभी भी परमेश्वर के नियंत्रण और आशीषों के आधीन था (देखें मत्ती 5:45; कुलु. 1:17; इब्रा. 1:3)।

नियमों को ठहराने का परमेश्वर का वायदा, **जब तक पृथ्वी रहेगी**, इस वाक्यांश से प्रमाणित होता है। यहाँ पर भाषा बताती है कि एक समय आयेगा जब पृथ्वी का नाश होगा। इस बात को नए नियम में स्पष्ट किया गया है, जहाँ पर यह शिक्षा मिलती है कि परमेश्वर वर्तमान संसार को मसीह के दूसरे आगमन के समय पूर्ण रूप से नाश कर देगा। पानी से नाश किए जाने के बजाए, जैसा नूह के दिनों में हुआ था, यह आग के द्वारा होगा (2 पतरस 3:6, 7, 10, 12)। इसलिए, परमेश्वर के लोग एक "नए आकाश और नई पृथ्वी, जिसमें धर्मी लोग रहने पायेंगे" के बारे में आशा रखते हैं (2 पतरस 3:13)।

अनुप्रयोग

पानी के द्वारा बचाया जाना (अध्याय 8)

जहाज़ में आठ व्यक्तियों के लिए, उनका छुटकारा एक प्रकार τύπος *(टुपोस)* का उद्धार था जिसका लाभ मसीहियों ने पिन्तेकुस्त के समय से लेकर वर्तमान समय तक उठाया है। (1) लेख के अनुसार, विश्वास से, नूह और उसके परिवार ने जहाज़ में प्रवेश किया, जो एक भौतिक शरणस्थान था। पश्चातापी विश्वासी "मसीह में बपतिस्मा लेते हैं" (रोमियों 6:3), जो हमारा आत्मिक शरणस्थान है। (2) जल प्रलय पुराने संसार के पश्चातापहीन लोगों के लिए मृत्यु का साधन था; लेकिन नूह और उसका परिवार जहाज़ के द्वारा इससे बचाये गये। जब पश्चातापी विश्वासी मसीह की मृत्यु का बपतिस्मा लेते हैं (रोमियों 6:3), तब बजाय मृत्यु के उन्हें मसीह के द्वारा आत्मिक जीवन मिलता है। (3) पतरस ने कहा कि "आठ लोग [नूह और उसका परिवार], पानी में से सुरक्षित निकाले गये"; फिर भी, या "इसी [ἀντίτυπος, *एंटीटुपोस]*[16] के समान, बपतिस्मा अब आपको बचाता है" (1 पतरस 3:20, 21)। (4) विश्वास के द्वारा, नूह और उसका परिवार नए (बचाये) व्यक्तियों के रूप में जहाज़ से बाहर आया, एक नई शुरुआत के साथ एक शुद्ध किए गये संसार में जिसे अतीत की दुष्टता से धोया गया था।

जब पश्चातापी विश्वासी बपतिस्मा लेकर जल से बाहर आते हैं, वे "नए जीवन" में बढ़ने लगते हैं (रोमियों 6:4), "मसीह में" नए मनुष्य के रूप में। इसका अर्थ है कि "पुरानी बातें बीत गयी" और "नई बातें आ गयी हैं" (2 कुरि. 5:17)। (5) नूह और उसके परिवार का उद्धार पानी का उद्धार नहीं था, अर्थात पानी ने वास्तव में उन्हें नहीं बचाया था। इसने तो पुराने संसार से नए को विभाजित किया था; और, विश्वास से, इन्हें इसमें से निकलना था। उसी प्रकार, बपतिस्मा का पानी पापों को दूर नहीं करता है (1 पतरस 3:21); यह पुराने जीवन और मसीह में नए जीवन के बीच विभाजन रेखा को खींचता है। केवल यीशु मसीह में विश्वास और उसका लहू के सामर्थ्य द्वारा धोये जाने से हमारे पापों को दूर किया जा सकता है जब हम बपतिस्मा के पानी रूपी कब्र के माध्यम से निकलते हैं (मत्ती 26:28; प्रेरितों 22:16, रोमियों 6:4-6)।

(6) जो लोग बचकर जहाज़ से बाहर आये थे, उनके छुटकारे के लिए वे परमेश्वर पर आश्रित थे, चूँकि यह उसकी कृपा थी कि उन्हें बचाया गया था और उन्हें एक शुद्ध संसार में एक नया जीवन बिताने के लिए एक अच्छा विवेक दिया गया था। फिर भी, पश्चातापी विश्वासी विश्वास से अनुग्रह के द्वारा बच गये (इफि. 2:4-9) जब वे मसीह में बपतिस्मा ले लेते हैं (गला. 3:26, 27; तीतुस 3:4-7)। वे परमेश्वर से एक अच्छे विवेक की मांग करते हैं - यीशु मसीह के जी उठने के द्वारा (1 पतरस 3:21)। (7) परमेश्वर ने वायदा किया की वह मानव जाति का न्याय एक और जल प्रलय द्वारा मृत्यु के रूप में नहीं करेगा। बल्कि, वह उन्हें एक नए संसार के द्वारा आशीषित करेगा जिसमें नियमित रूप से बोने का समय और फसल काटने का समय होगा, जिसमें वे एक बार फिर से भूमि के फलों का मज़ा ले सकेंगे। आज, परमेश्वर मसीह में नए जीवन के द्वारा अपने लोगों को आशीष देता है। मसीही लोग अब पवित्र आत्मा के धार्मिकता के फल (गला. 5:22, 23) का आनंद लेते हैं। स्वर्ग में, जो विश्वासयोग्य रहेंगे वे आत्मिक रूप से जीवन के पेड़ में से खायेंगे, जिसमें "बारह प्रकार के फल ... जाति जाति के उपचार" के लिए उत्पन्न होते हैं, परमेश्वर पिता, और मेमने की उपस्थिति में, अनंत काल के लिए (प्रका. 22:2)।

"लेकिन परमेश्वर ने नूह को याद रखा ..." (8:1)

परमेश्वर की दया। परमेश्वर ने नूह को याद किया और दयावन्त कार्य किया। जहाज़ के समुद्र में कई महीने बिताने के बाद, परमेश्वर ने अपनी दिव्य चिंता और विश्वासयोग्यता नूह और जहाज़ के बाकी प्राणियों के लिए प्रकट की और एक तेज हवा भूमि पर भेजकर पानी को घटाना प्रारम्भ कर दिया। इसके अलावा, उसने, "गहरे सोतों" को रोक दिया तथा "आकाश के झरोखे" बंद कर दिये ताकि और अधिक पानी पृथ्वी पर न आये (8:1-5)। परमेश्वर की यह दया भरी कार्रवाई जहाज़ में उन लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ था। अस्तित्व के लिए उनके खतरनाक संघर्ष के बीच में, परमेश्वर ने उन्हें आशा रखने का कारण दिया कि जल प्रलय का पानी अपना विनाशकारी कार्य समाप्त कर दे। न केवल समुद्र

घटता चला गया, लेकिन - महीने भर बाद - जहाज़ एक पहाड़ पर टिक गया था। दसवें महीने के पहले दिन पर, उस क्षेत्र में अन्य पहाड़ों की चोटियों जल के ऊपर दिखाई देने लगी (8:4, 5)। यह सब इस बात की पुष्टि थी कि परमेश्वर पानी की कब्र से जहाज़ के द्वारा उन लोगों को बचाने के लिए दिए अपने वादे के प्रति विश्वासयोग्य था।

यहोवा नूह और उसके परिवार को दिए गये अपने वायदे में विश्वासयोग्य साबित हुआ। बाद के यहूदी इतिहास में, परमेश्वर के लोगों का विश्वास उसकी वाचा के वायदे के प्रति उसकी विश्वासयोग्यता पर आधारित था (व्यव. 7:9; भजन 36:5; 40:10; यशा. 49:7; विलाप. 3:22-26)। भजन 89 में, जहां परमेश्वर की विश्वासयोग्यता का पुराने नियम में किसी अन्य जगह से अधिक गुणगान किया जाता है (89:1, 2, 5, 8, 24, 33, 49 में सात बार), भजनकार को इस धार्मिक विचार को बेबीलोन के कैद की कठोर वास्तविकता के साथ जोड़ने में काफी कठिनाई हुई। उसके मन में, यह विचार आया कि परमेश्वर ने दाऊद के वंश के साथ की गयी अपनी "वाचा को ठुकरा दिया" उसके "ताज" और उसके "सिंहासन" को "ज़मीन" पर डालकर (भजन 89:39, 44)। प्रभु के "अभिषिक्त" (राजा) की सेनाओं को पराजित और शर्मिंदा कर दिया गया था, और यरूशलेम की दीवारों को "तोड़ दिया गया था" (भजन 89:38-40)। क्योंकि भजनकार देख नहीं पा रहा था कि कैसे परमेश्वर अपने लोगों के प्रति इस त्रासदी की अनुमति दे सकता है, वह प्रभु की "करुणा" ("दृढ़ प्यार"; NRSV) और "सच्चाई" पर सवाल उठता है (भजन 89:49)।

परमेश्वर की विश्वासयोग्यता याद दिलाने और राष्ट्रीय हीनता में डूबे रहने के बीच, भजनकार यह कहकर गलती पर है कि परमेश्वर अपने वायदे से मुकर गया है। उसकी गलती स्पष्ट है, क्योंकि परमेश्वर ने कभी भी अपनी वाचा की विश्वासयोग्यता को बिना शर्त के वादे के रूप में नहीं देखा इस बात की परवाह किए बिना कि लोग कैसा प्रत्युत्तर देते हैं, जैसा कि बाद में इस्राएल में किया गया। परमेश्वर की वाचा हमेशा अपने लोगों की ओर से विश्वास और आज्ञाकारिता की मांग करती है, अगर वे वायदे की आशीषों का लाभ उठाना चाहते हैं।

मूसा लगभग चालीस वर्ष तक जंगल में फिरने के बाद इस्राएल को दिए जाने वाले अपने उपदेशों के बारे में बहुत स्पष्ट था। उसने पहले ही लोगों को चेतावनी दे दी कि, वायदे के देश में घुसने के बाद और उस पर कब्ज़ा करने के बाद वे परमेश्वर की कृपा को हल्का न लें। उसने कहा कि मूर्तिपूजा की ओर मुड़ने से उनसे वह देश भी छीन जायेगा और बाकी देशों के बीच में तितर-बितर किए जाएंगे (व्यव. 4:22-28; 6:10-15; 8:11-20; 11:1-17; 28:1-37; 30:15-20; 32:4, 5, 15-22, 44-47)। स्पष्ट तौर से, नूह ने नहीं सोचा था कि परमेश्वर जहाज़ में उन लोगों को आशीष देगा और बचायेगा चाहे वे विश्वास करे और उसकी आज्ञाओं को माने या नहीं। इस वर्णन में ऐसा कोई संकेत नहीं है की जहाज़ में अपने लंबे प्रवास के दौरान वे बड़बड़ाये और शिकायत करने लगे, जैसा

इस्राएलियों ने जंगल में किया था (निर्गमन 14:11, 12; 15:22-26; 16:1-12; 17:1-7; 32:1-9; गिनती 11:1-9; 14:1-4)।

नूह का विश्वास। नूह ने परमेश्वर पर भरोसा रखा और आशा के साथ धैर्यपूर्वक इंतजार किया। जहाज़ में आवास विरल और पुराना था और जिसका निर्माण आराम के लिए नहीं बल्कि केवल मानव और पशुओं के जीवन के संरक्षण के लिए किया गया था। हालांकि, नूह ने, कई महीने पानी में बिताये फिर भी उसने शिकायत नहीं की। न तो वह विश्वास से पीछे हटा और न ही उसने परमेश्वर पर उसके परिवार को त्याग देने का दोष लगाया क्योंकि परमेश्वर ने एक वर्ष तक उससे बात नहीं की थी। इसके अलावा, नूह ने जल्दबाजी में जहाज़ नहीं छोड़ा था, तब भी जब यह एक पहाड़ पर टिक गया था। वह संयमी और आज्ञाकारी था क्योंकि उसने अपने परिवार की परिस्थितियों के तथ्यों का पता लगाने के लिए विभिन्न तरीकों को अपनाया था।

अपनी स्थिति का परीक्षण करने के लिए, नूह ने सबसे पहले एक कौवे को भेजा, जो चारों ओर उड़ान भरता रहा और जहाज़ पर वापस नहीं आया। फिर, एक सप्ताह का इंतजार करके, उसने एक कबूतरी को तीन बार भेजा है। दूसरी बार, पक्षी एक जैतून का पत्ता साथ लेकर लौट आया; लेकिन तीसरी बार यह जहाज़ पर वापस नहीं आया। नूह जानता था कि जल भूमि पर से घट गया है और उसने शायद यह निष्कर्ष भी निकाला कि दोनों मानव जीवन और पशु जीवन को बनाए रखने के लिए पृथ्वी सूख चुकी थी। फिर भी, वह प्रभु के आदेश के लिए धैर्यपूर्वक इंतजार करता रहा इससे पहले कि वह किसी भी व्यक्ति या अन्य प्राणी जहाज़ छोड़ने की अनुमति दे।

उत्पत्ति का लेखक हमारे लिए खुलासा नहीं करता है कि कितनी बार नूह को अपने परिवार के सवालों का जवाब देना पड़ा कि क्यों वे अभी तक शुद्ध किए संसार में बाहर नहीं जा सकते। चूंकि उन्हें जहाज़ में प्रवेश किए हुए लगभग एक वर्ष हो गया था, यह शायद पहले से ही मान लेना अधिक नहीं होगा कि वह उन लोगों को संयम रखने के लिए प्रोत्साहित करता होगा ताकि वे उचित समय पर अपने शरणस्थान से निकलने के लिए परमेश्वर के निर्देश का इंतजार करें (8:6-13)।

इसी प्रकार के संयम की आशा की प्रतीक्षा है जिसकी प्रभु हर आयु के अपने लोगों में होने की इच्छा करता है, जैसे हम उसके अंतिम शब्द की आशा करते हैं जो नए आकाश और नई पृथ्वी में प्रवेश कराएगा। पहली सदी में, याकूब यहूदी मसीहियों को लिखता है जो अमीर और ताकतवर ज़मींदारों के हाथों शोषण का शिकार थे। वह इस प्रकार से कहता है कि: "सो हे भाइयों, प्रभु के आगमन तक धीरज धरो, देखो, गृहस्थ पृथ्वी के बहुमूल्य फल की आशा रखता हुआ प्रथम और अन्तिम वर्षा होने तक धीरज धरता है" (देखें याकूब 5:7)। बेशक, किसान को बीज अंकुरित होने और पौधों को उत्पन्न करने के लिए न केवल वर्षा का इंतजार करना पड़ता है, लेकिन उसे सर्दियों और वसंत ऋतु के आने की आशा के लिए इंतजार करना होता है जब तक पौधे फसल उत्पन्न करे और यह फसल कटनी

तक पक जाए। चूंकि यीशु कटनी के समय को "अंत का समय" बताता है (मत्ती 13:39), यह नए नियम के लेखकों के लिए उचित था कि अपने उपदेशों में इस प्रकार के दृश्यों का प्रयोग करे (देखें 2 तीमु. 2:6, 8-10; 4:6-8)। इसी प्रकार, नूह और उसके परिवार को अपने नए संसार में प्रवेश के लिए परमेश्वर के नियत समय तक धैर्य के साथ प्रतीक्षा करना था।

इब्रानियों का लेखक भी नूह के विश्वास और संयम को मसीहियों को आशा देने के लिए एक उदाहरण के रूप में प्रयोग करता है जो कठिन परिस्थितियों के बीच जीवित रहने के लिए संघर्ष कर रहे थे (इब्रा. 11)। वह कहता है कि "विश्वास आशा की हुई वस्तुओं का निश्चय और अनदेखी वस्तुओं [पदार्थ] का प्रमाण [सबूत] है" (इब्रा. 11:1)। नूह ने विश्वास किया था कि परमेश्वर पृथ्वी को सब बुराई और दुष्टता से शुद्ध करके एक नई शुरुआत प्रदान करेगा। हालांकि उसने इस प्रकार के शुद्ध संसार को नहीं देखा था, नूह के विश्वास ने उस आशा को आधार दे दिया था ताकि वह इसके लिए कार्य कर सके। उसका विश्वास उस बात पर आधारित था जो उसने पहले से ही पृथ्वी पर परमेश्वर द्वारा जल प्रलय लाने के कार्य में देखा था, जैसा कि परमेश्वर ने वादा किया था। परमेश्वर के पिछले कार्य भविष्य की नई रचना के परिणाम की गारंटी देती है जिसका नूह को विश्वास था की वह अनुभव करेगा, और यह प्रमाण था जो उसको परमेश्वर की आज्ञा का पालन करने के लिए जारी रखना जरूरी था ताकि वह सब "अनदेखी बातों" का आनन्द उठा सके (इब्रा. 11:7)।

नूह का आभार. नूह दिव्य आदेश पर कृतज्ञता से आगे बढ़ चला। जब सही समय आया, परमेश्वर ने फिर से बात की और नूह को उसके परिवार के साथ जहाज़ में जाने के लिए कहा। उसे अपने साथ सारे पक्षियों, पशुओं, और रेंगने वाले जन्तुओं को भी ले जाना था, ताकि वे फलवन्त हो सके और एक बार फिर से पृथ्वी पर बढ़ सके। नूह ने परमेश्वर की दया और कृपा के प्रति आभारी होकर जहाज़ छोड़ा जिसके द्वारा उस जहाज़ के सभी प्राणी बाढ़ के चपेट से बच पाए थे। वह भली भांति जानता था कि यह उसकी सरलता, प्रयासों, या कार्यों का परिणाम नहीं था कि वह और उसके परिवार बचाया गया था। वे अपने जीवन पूरी तरह से परमेश्वर को समर्पित कर चुके थे। बेशक, उन्हें परमेश्वर पर पर्याप्त भरोसा करने की आवश्यकता थी जैसे-जैसे वह उनको निर्देश देता था, जहाज़ बनाने के लिए, पशुओं को एकत्रित करने के लिए, और ऐसा बहुत कुछ करने के लिए; लेकिन इस में से कुछ भी पर्याप्त नहीं होता अगर वे प्रभु के लिए पूरी तरह से अपने जीवन को समर्पित नहीं करते।

नूह के लिए इस महान छुटकारे के बदले की गयी स्वाभाविक प्रतिक्रिया धन्यवाद और स्तुति सहित, आराधना द्वारा प्रभु के लिए बलिदान के रूप में पक्षियों और पशुओं को चढ़ाना था। शुद्ध पशुओं और पक्षियों में से, नूह ने होमबलि का चयन किया। ये पूरी प्रकार से वेदी पर भस्म किए गये थे। परमेश्वर अपने लोगों के वही रवैया चाहता है जैसा नूह ने दिखाया, लेकिन अब, वह मरे हुए पशुओं के स्थान पर जीवित बलिदान चाहता है। जो भी उसने हमारे लिए

मसीह के द्वारा किया है हमें अपने जीवन को उसके लिए दैनिक तौर पर और पूरी रीति से उसकी सेवा के लिए बलिदान करने की आवश्यकता है (रोमियों 12:1, 2; देखें इब्रा. 13:15, 16)।

परमेश्वर द्वारा याद किया जाना (8:1)

पेंटाटुक में कई बार, זָכַר (*ज़कर*, "याद") को ऐसे संदर्भों में प्रयोग किया गया है जो परमेश्वर को एक ऐसे परमेश्वर के रूप में वर्णित करता है जो विभिन्न तरीकों से अपनी दया दिखलाता है।

उसने *एक अन्य जल प्रलय से मानवजाति के लिए पृथ्वी के संरक्षण का कार्य किया।* परमेश्वर ने कहा, "और जब मैं पृथ्वी पर बादल फैलाऊं जब बादल में धनुष देख पड़ेगा। तब मेरी जो वाचा ... उसको मैं स्मरण करूंगा, तब ऐसा जलप्रलय फिर न होगा जिस से सब प्राणियों का विनाश हो" (9:14, 15)।

उसने कुछ विशेष व्यक्तियों को बचाया, जैसे कि लूत, अब्राहम की मध्यस्थता के उत्तर में। "और ऐसा हुआ, कि जब परमेश्वर ने उन तराई के नगरों को, जिन में लूत रहता था, उलट पलट कर नाश किया, तब उसने अब्राहम को याद करके लूत को उस घटना से बचा लिया" (19:29)।

उसने बाँझ राहेल को गर्भ धारण कर यूसुफ को जन्म देने के लिए सक्षम बना दिया। "और परमेश्वर ने राहेल की भी सुधि ली, और उसकी सुनकर उसकी कोख खोली" (30:22)।

उसने इस्राएल के लड़केबालों का रोना सुनकर उत्तर दिया और उन्हें मिस्र की गुलामी से छुड़ाया। "परमेश्वर ने उनका कराहना सुना; और परमेश्वर ने अब्राहम, इसहाक, और याकूब के साथ अपनी वाचा को स्मरण" (निर्गमन 2:24; देखें 6:5; 32:13)।

उसने कनान देश की चढ़ाई के लिए इस्राएल की सेना की सहायता की। परमेश्वर ने मूसा से कहा, "और जब तुम अपने देश में किसी सताने वाले बैरी से लड़ने को निकलो, तब तुरहियों को सांस बान्धकर फूंकना, तब तुम्हारे परमेश्वर यहोवा को तुम्हारा स्मरण आएगा, और तुम अपने शत्रुओं से बचाए जाओगे" (गिनती 10:9)।

उसने वादा किया कि वह अपने पश्चातापी लोगों को बन्धुआई से छुड़ाकर वापस उनके देश में लेकर जाएगा। परमेश्वर ने कहा,

> तब जो वाचा मैं ने याकूब के संग बान्धी थी उसको मैं स्मरण करूंगा, और जो वाचा मैं ने इसहाक से और जो वाचा मैं ने अब्राहम से बान्धी थी उस को भी स्मरण करूंगा, और इस देश को भी मैं स्मरण करूंगा ... इतने पर भी जब वे अपने शत्रुओं के देश में होंगे, तब मैं उन को इस प्रकार नहीं छोड़ूंगा, और न उन से ऐसी घृणा करूंगा कि उनका सर्वनाश कर डालूं और अपनी उस वाचा को तोड़ दूं जो मैं ने उन से बान्धी है; क्योंकि मैं उनका परमेश्वर यहोवा हूं (लैव्य. 26:42-44)।

परमेश्वर की आशीषें, मूर्तियों की नहीं (8:22)

बाढ़ के बाद, परमेश्वर ने अपने आप से कहा कि पृथ्वी पर हमेशा "बोने का समय और कटनी का समय," "ठंड और गर्मी," "गर्मियां और सर्दियां," और "दिन और रात" (8:22) होता रहेगा। इस वादे के अनुसार, नियमित रूप से मौसम बदलते रहेंगे जब तक पृथ्वी बनी रहेगी।

संसार में एक प्राकृतिक नियम का विचार प्राचीन पूर्वी क्षेत्र के उर्वरता सम्बन्धी धार्मिक धारणाओं के विपरीत है। झूठे ईश्वरों के उपासक कहते थे कि मौसम का बदलना इन ईश्वरों का कार्य है, जो मानवीय यौन सम्बन्धित रस्मों और टोने से जुड़े कृत्यों द्वारा प्रोत्साहित किया जाता था। कनानी लोगों के मध्य, उदाहरण के लिए, सर्दियों के आने का कारण बाल देवता की मृत्यु है, जो मौत (मोट देवता) के दायरे में प्रवेश करता है। वे वसंत के आने का कारण, देवी अनात द्वारा मोट देवता को हराकर बाल को छुड़ाने को मानते थे। दो देवताओं के आपस में सहवास करने की क्षमता को वह फूल, पेड़, फसलों, भेड़ बकरी, गाय बैल और साथ ही मनुष्य के प्रजनन करने की क्षमता में देखते थे।

इस प्रकार की धार्मिक पौराणिक कथाओं ने कनान देश के मूर्तिपूजा के धार्मिक स्थलों में आराधकों और पुरुष और महिला पंथी वेश्याओं के बीच प्रजनन सुनिश्चित करने के नाम पर यौन व्यभिचार को जन्म दिया है। इस्राएल के उत्तरकालीन इतिहास की त्रासदी यह है कि वे उस वायदे को भूल गये जो परमेश्वर ने नूह से जल प्रलय के बाद किया था, और कनान देश की पौराणिक गाथाओं का शिकार हो कर परमेश्वर को भूल गए, वे खुद नाना प्रकार की मूर्ति पूजा में भाग लेने के द्वारा भ्रष्ट हो गये। उन्होंने मनुष्यों, पशुओं, और फसलों के उपजाऊ और उत्पादन के बढ़ने का श्रेय झूठे देवताओं को दिया। वह इस बात को मानने से चूक गये कि प्रभु ही परमेश्वर है, जिसने सब कुछ बनाया है, केवल वही एक है जो आशीष देता है और अपनी रचना को बनाए रखता है।

परमेश्वर ने अपने लोगों को बढ़ाने और सभी अच्छी चीजों को प्राप्त करने की आशीष देने का वादा किया है यदि वे उसकी पवित्रता को अपने जीवन के द्वारा दर्शाकर उसकी स्तुति करते हैं और उसके नाम को महिमान्वित करते हैं और (लैव्य. 18:21-30; 19:2, 29-31; 20:23, 24; व्यव. 11:1-17; 23:17, 18; 30:11-20)। उनके वाचा के प्रति विश्वासयोग्य होने में असफलता के कारण उनको गंभीर परिणाम भुगतने पड़े।

समाप्ति नोट्स

[1]एच. एइसिंग, "נָכַר," *थियोलोजिकल डिक्शनरी ऑफ़ दी ओल्ड टेस्टामेंट*, ट्रांस. डेविड इ. ग्रीन, एड. जी. जोहैननस बोटरवेक एंड हेल्मर रिंग्रेन (ग्रैंड रैपिड्स, मीच.: वम. बी. अड्र्समैन प्रकाशन कम्पनी, 1980), 4:64, 70-71. [2]केनेथ ए. मैथ्यूस, *उत्पत्ति 1-11:26*, दी न्यू अमरिकन कमेंट्री, वोल. 1ए (नैशविल: ब्रौडमैन & होलमैन प्रकाशन, 1996), 383. मैथ्यूस दोहराए गये शब्दों की तुलनात्मक सूची प्रदान करता है। [3]उदाहरण के लिए, देखें जॉन एच. वाल्टन,

क्रोनोलॉजिकल एंड बैकग्राउंड चार्ट्स ऑफ़ दी ओल्ड टेस्टामेंट, (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: जोंडरवन पब्लिशिंग हाउस, 1994), 14. [4]उदाहरण के लिए, देखें डेरेक किडनर, *जेनेसिस: एन इंट्रोडक्शन एंड कमेन्ट्री*, दी टिनडेल ओल्ड टेस्टामेंट कमेन्ट्रीज़ (डाउनर्स ग्रोव, इल्लियानोस: इंटर-वरसिटी प्रेस, 1967), 99. [5]अल्फ्रेड जे. होर्थ, *आर्कयोलोजी एंड दी ओल्ड टेस्टामेंट* (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: बेकर बुक्स, 1998), 191. [6]अध्याय 7:11; 8:2 में, आकाश के झरोखों (खिड़की) के लिए एक अलग शब्द, אֲרֻבָּה *('[a]rubbah रुब्बाह)*, प्रयोग किया गया है। [7]ब्रूस के. वाल्टके के अनुसार बाइबल का वर्णन बताता है की ताकतवर कौवा कमज़ोर कबूतरी, से पहले भेजा गया था यह वर्णन बेबीलोनियन वर्णन से उपर है, जहाँ पर कमज़ोर पक्षी को पहले रखा गया है: कबूतरी, अबाबील, और फिर कौवा। (ब्रूस के. वाल्टके, *जेनेसिस: अ कमेन्ट्री* [ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: जोंडरवन प्रकाशन, 2001], 141; देखें *दी एपिक ऑफ़ गिलगमेश* 11.146-154.) [8]विक्टर पी. हैमिलटन, *दी बुक ऑफ़ जेनेसिस: चैप्टर्स 1-17*, दी न्यू इंटरनेशनल कमेन्ट्री ऑन दी ओल्ड टेस्टामेंट (ग्रैंड रैपिड्स, मीच.: वम. बी. अड्र्समैन प्रकाशन कम्पनी, 1990), 304-5. [9]इबिड., 304. [10]ओ. कैसर, "חָרַב," इन *थेओलोजिकल डिक्शनरी ऑफ़ दी ओल्ड टेस्टामेंट*, ट्रांस. डेविड ई. ग्रीन, एड. जी. जोहन्नेस बोटरवेक एंड हेल्मर रिंग्रेन (ग्रैंड रैपिड्स, मीच.: वम. बी. अड्र्समैन प्रकाशन कम्पनी, 1986), 5:151.

[11]राल्फ एच. एलेग्जेंडर, "יָבֵשׁ," *TWOT* में, 1:360. क्रिया याबेश और इससे सम्बन्धित संज्ञा יַבָּשָׁה *(yabbashah, यब्बाशाह)* उस सूखी भूमि के लिए प्रयोग की गयी है जिस पर इस्राएलियों ने लाल समुद्र और यरदन नदी को पार करते हुए कदम रखे थे (निर्गमन 14:16, 22, 29; 15:19; यहोशु 2:10; 4:22, 23; 5:1)। शब्द यब्बाशाह (*yabbashah*) का वर्णन सृष्टि के समय "सुखी भूमि" के लिए भी किया गया है (1:9, 10)। [12]हरमन जे. ऑस्टेल, "מִשְׁפָּחָה," *TWOT* में, 2:947. [13]जी. लोएड कार, "עֹלָה," *TWOT* में, 2:666-67. [14]शब्दांश "सुगंधदायक गंध" निर्गमन, लैव्यव्यवस्था, गिनती, और यहेजकेल में परमेश्वर को पसंद आने वाले बलिदान के लिए कई बार प्रयोग किया गया है। [15]*दी एपिक ऑफ़ गिलगमेश* 11.160-161. [16]जैसे कोई डिज़ाइन किसी वस्त्र को दर्शाता है वैसे ही प्रकार प्रतिरूप को दर्शाता है: डिज़ाइन पूर्ण वस्त्र की छाया है। परन्तु जैसे वस्त्र डिज़ाइन से बढ़कर है उसी प्रकार बपतिस्मा (प्रतिरूप) नूह के "पानी के द्वारा" (प्रकार) उद्धार से बढ़कर है।